CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 68 रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# आजादी के बाद पहली बार गृह मंत्री नक्सलगढ़ रायगुड़म पहुंचे

## विजय शर्मा ने ग्रामीणों के साथ लगाई चौपाल





### जवानों के साथ बाइक में किया सफर

**जगदलपुर,** 3 अप्रैल (हाईवे चैनल)। लम्बे समय से नक्सलियों के कब्जे में रहा रायगुड़म के इतिहास में पहली बार कोई मंत्री लोगों की सुध लेने के लिए पहुंचा. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपनी पहली आमद में लोगों के साथ चौपाई लगाकर उनकी समस्याएं सुनी. नक्सलियों को देख-देखकर ऊब चुके ग्रामीणों के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात किसी उत्सव से कम नहीं था.

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाने से पहले जगरगुंडा के रायगुड़म में जवानों से मुलाकात की. इस दौरान बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, सीआरपीएफ कमांडेंट नवीन मौजूद थे. इसके बाद बाइक में सवार होकर बीहड़ इलाके में पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मुलाकात की.

### अमित शाह का कल से दौरा



उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. पहले दिन वे राज्य के प्रमुख नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. वहीं दूसरे दिन याने 5 अप्रैल को गृहमंत्री शाह बस्तर के दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे, जहां वे बस्तर पंडुम महोत्?सव के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. यहां वे मां दंतेश्वरी के दर्शन करेंगे. इसके अलावा एंटी-नक्सल अभियान के ऑपरेशन कमांडरों के साथ संवाद भी करेंगे.

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# 25 हजार शिक्षकों और स्कूल स्टाफ की नौकरी रद्द, अब तक का वेतन भी लौटाना होगा

**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए लगभग 25,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया। ये नियुक्तियां 2016 में वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन के माध्यम से की गई थीं, जिनके चयन में धोखाधड़ी पाई गई। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पहले ही इस भर्ती को रद्द कर दिया था, और अब सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए इसे पूरी तरह से निष्क्रिय घोषित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जिन उम्मीदवारों को गलत तरीके से नौकरी मिली उन्हें अब तक का वेतन भी लौटाना होगा।



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा, हमारी राय में, पूरी चयन प्रक्रिया धोखाधड़ी से दूषित हो चुकी है और इसे ठीक नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उम्मीदवारों को नियुक्ति मिली थी, उन्हें अब तक प्राप्त वेतन वापस नहीं करना होगा, लेकिन उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। इस फैसले से न केवल नियुक्ति प्राप्त करने वाले शिक्षकों के भविष्य पर संकट गहरा हो गया है, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को भी गंभीर धक्का लगा है। कोर्ट ने नए चयन के लिए तीन महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है।

इस मामले में सीबीआई जांच का महत्वपूर्ण रोल रहा है। सीबीआई ने खुलासा किया कि ह्रस्क्र शीट्स में भारी हेरफेर किया गया था, जिससे कई अयोग्य उम्मीदवारों को भर्ती में शामिल किया गया। इन असमानताओं ने इस चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। ष्टक्चढ्ढ ने पाया कि स्स्ष्ट के सर्वर और एनवाईएसए के पूर्व कर्मचारी पंकज बंसल के सर्वर के डेटा में असमानताएं थीं, जिससे चयन में गड़बड़ी का पता चला। इस मामले में कई पक्षों ने कोर्ट में अपनी दलीलें दीं। गैर-चयनित उम्मीदवारों ने पूरी प्रक्रिया को रद्द करने के बजाय, दोषी उम्मीदवारों को हटाकर नए लोगों को मौका देने की मांग की। वहीं, चयनित उम्मीदवारों ने भी अपनी नियुक्ति को बचाने के लिए कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। सीबीआई जांच के खिलाफ राज्य सरकार ने याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई 4 अप्रैल 2025 को होगी।

## सभी जज अपनी संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करेंगे, सीजेआई खन्ना ने दे दिया आदेश



**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने सामूहिक रूप से पदभार ग्रहण करने पर अपनी संपत्ति की घोषणा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। गुरुवार को पूर्ण न्यायालय की बैठक के दौरान, न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का खुलासा करने का संकल्प लिया, जिसे सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, संपत्ति की घोषणा का प्रकाशन पूरी तरह से स्वैच्छिक होगा, जिससे न्यायाधीशों को अपने वित्तीय विवरण सार्वजनिक करने में विवेक का प्रयोग करने की अनुमति मिलेगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित तीस न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा प्रस्तुत की है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण अदालत ने संकल्प लिया था कि न्यायाधीशों को पदभार ग्रहण करने पर अपनी संपत्ति की घोषणा करनी चाहिए, और जब भी कोई महत्वपूर्ण प्रकृति का अधिग्रहण किया जाता है, तो मुख्य न्यायाधीश को इसकी घोषणा करनी चाहिए। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की गई घोषणा भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक आधार पर होगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### निगम, मंडल, बोर्ड और आयोग की सूची पर फूटा गुस्सा, भाजपा नेता ने उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी लेने से किया इंकार



**रायपुर,** 3 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में निगम, मंडल, बोर्ड और आयोग की पहली सूची सामने आने के बाद भाजपा नेता का असंतोष भी बाहर आ गया है. कांग्रेस सरकार के दौरान विपक्ष में रहते हुए मुखर रहे गौरीशंकर श्रीवास ने उन्हें दी गई जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया है. गौरीशंकर श्रीवास ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है कि जिसे उठाने में मेरे कंधे असमर्थ हैं, इसलिए पद स्वीकार नहीं, संगठन के कार्यकर्ता के रूप में ही मैं ठीक हूं. बता दें कि गौरीशंकर श्रीवास को छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

### लालू प्रसाद का एम्स में बीपी-शुगर पर डॉक्टर रख रहे नजर



**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा है। उनकी हालत को देखते हुए क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है। लालू प्रसाद के हाथ और कंधे पर घाव होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी की है। इधर, तेजस्वी यादव ने बताया कि कई दिनों से पिता के कंधे और हाथ में जख्म है। डॉक्टरों की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे। जांच में पता चला कि बीपी भी काफी लो रह रहा है। बीपी अचानक 88/44 पहुंच गया था। अब दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा है।

वहीं दिल्ली एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर राकेश यादव ने कहा कि राजद अध्यक्ष एम्स के कार्डियो न्यूरो सेंटर की कार्डियो क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है। हमलोग लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि पटना के पारस अस्पताल में जांच करवाने गए। वहां उन्हें इमरजेंसी वार्ड में रखा गया। इसके बाद उनकी तबीयत में सुधार हुए तो लालू प्रसाद राबड़ी देवी के साथ दिल्ली रवाना हो गए थे। देर रात वह फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे। यहां से सीधे उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती करवाया गया। एम्स में पूर्व सीएम राबड़ी देवी और सांसद मीसा भारती लालू के साथ हैं।

## आरबीआई इस महीने जारी करेगा 50 रुपये का नया नोट




**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारतीय रिजर्व बैंक ने 50 रुपए के नए नोट को लेकर एक अहम घोषणा की है, जिससे इस नोट को लेकर जनता में हलचल मच गई है।

नए 50 रुपए के नोट में गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे, और इसे जल्द ही सर्कुलेशन में लाया जाएगा। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि इससे पहले जारी किए गए सभी 50 रुपए के नोट वैध बने रहेंगे, यानी पुराना नोट चलन से बाहर नहीं होगा।

साथ ही, यह नया नोट महात्मा गांधी सीरीज के डिज़ाइन के अनुरूप होगा, जो पहले से जारी किए गए 50 रुपए के नोटों जैसा ही होगा। नए नोट का आकार और डिज़ाइन भी पहले जैसे होंगे, जिसमें फ्लोरोसेंट नीला रंग और हम्पी के रथ का चित्र शामिल होगा, जो भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाता है।

# पावर प्लांट में 50 फीट ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत



**बालोद,** 3 अप्रैल (हाईवे चैनल)। दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में स्थित श्री जगन्नाथ स्टील एंड पावर प्लांट में एक दर्दनाक हादसा हो गया. बीती रात काम करने के दौरान 50 फीट ऊंचाई से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई. ऊंचाई से गिरने के बाद घायल मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 42 वर्षीय श्रवण चौहान के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला था. घटना के बाद प्लांट में तनावपूर्ण माहौल बन गया. काम से निकाले गए हड़ताल पर बैठे मजदूरों पर आरोप है कि उन्होंने प्लांट में घुसकर दूसरे राज्यों से आए मजदूरों से मारपीट की. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईएफ की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई. थाना प्रभारी तुलसिह पट्टावी ने बताया कि मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवा दिया गया है. आगे की कार्रवाई कल की जाएगी. मजदूर यूनियन और प्लांट प्रबंधन के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को शांत किया है. फिलहाल माहौल नियंत्रण में है।

## शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा भारत-दक्षिण अफ्रिका का डे नाइट मैच



**रायपुर,** 3 अप्रैल (हाईवे चैनल)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच डे-नाइट वन डे मैच 3 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा. इसकी अधिकृत घोषणा बीसीसीआई ने कर दी है. देश में वर्ष 2025 में होने वाले सीनियर अंतरराष्ट्रीय मैच की समय सारणी की घोषणा करते हुए बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका के साथ होने वाले इस मैच की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को दी है।

उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर 2025 से दक्षिण अफ्रीका का भारत दौरा प्रारंभ हो रहा है, जिसमें 2 टेस्ट मैच, 3 वनडे मैच तथा 5 टी- 20 मैचों की श्रृंखला खेली जायेगी. इसमें तीन दिसंबर को दूसरा वन डे मैच रायपुर में होगा। इससे पूर्व 21 जनवरी 2023 को भारत विरुद्ध न्यूजीलैंड वनडे मैच तथा 1 दिसंबर 2023 को भारत विरुद्ध आस्ट्रेलिया टी-20 मैच के रूप में दो अंतर्राष्टीय मैचों का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ कर चुका है. चर्चा यह भी है कि इसी साल सितंबर से भारत में शुरू होने वाले महिला वर्ल्ड कप क्रिकेट के दो मैच की मेजबानी रायपुर को मिल गई है।

## अमेरिका द्वारा लगाए गए नए 26 प्रतिशत टैरिफ से बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी, शेयर में गिरावट



**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (न्यूज चैनल)। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नई टैरिफ घोषणाओं के बाद जापान के शेयर बाजार में 3 प्रतिशत की गिरावट आई है, और इसका असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा है। निफ्टी इंडेक्स में 300 प्वाइंट्स की गिरावट देखी जा रही है। टैरिफ नीति के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है, जिससे निवेशकों में घबराहट बढ़ी है और शेयर बाजारों में गिरावट आई है।

बता दें कि अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर टैरिफ नीति का ऐलान किया है, जिसे उन्होंने छूट प्राप्त आपसी टैरिफ का नाम दिया है। इस घोषणा के साथ ट्रंप ने इसे एक मुक्ति दिवस बताया, जिसका अमेरिका लंबे समय से इंतजार कर रहा था। उन्होंने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने का निर्णय लिया है और इस विषय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया अमेरिका दौरे का भी उल्लेख किया। ट्रंप ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में अमेरिका आए थे और वह मेरे अच्छे मित्र हैं। हालांकि, मैंने उन्हें यह साफ तौर पर बताया कि भारत अमेरिका से सही तरीके से व्यवहार नहीं कर रहा है। भारत हमेशा हमसे 52 प्रतिशत टैरिफ वसूलता है, इसलिए हमने भारत से 26 प्रतिशत टैरिफ लेने का निर्णय लिया है, जो कि आधा है।

## सुनिता विलियम्स के बाद अब भारत के शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष के लिए भरेंगे उड़ान, मई 2025 में शुरू होगी यात्रा



**नई दिल्ली,** 3 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारत के लिए एक और ऐतिहासिक पल आने वाला है। जहां एक समय सुनित विलियम्स ने भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री के तौर पर अपनी पहचान बनाई थी, वहीं अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 2025 में नासा के साथ एक अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

बता दें कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रा का एक नया अध्याय मई 2025 में शुरू होने जा रहा है, जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्टीय अंतरिक्ष स्टेशन (ढ्ढस्स्) के लिए उड़ान भरेंगे। वे A&iom Mission 4 (A×-4) का हिस्सा होंगे, जो भारतीय अंतरिक्ष यात्री के लिए एक ऐतिहासिक मिशन साबित होने जा रहा है। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के लिए भी एक अहम कदम है, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा में बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।

A&iom Mission y (A×-4) एक 14 दिवसीय मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा, जिसमें अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक प्रयोग, शैक्षिक पहलों और व्यावसायिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस मिशन के तहत, शुभांशु शुक्ला भारत की समृद्ध संस्कृति को अंतरिक्ष में प्रदर्शित करेंगे। वे विभिन्न भारतीय राज्यों से जुड़ी सांस्कृतिक कलाकृतियां अपने साथ ले जाएंगे और माइक्रोग्रैविटी वातावरण में योग करने का प्रयास भी करेंगे। शुभांशु शुक्ला का जन्म 10 अक्टूबर 1985 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुआ था। वे भारतीय वायुसेना के एक अनुभवी पायलट हैं और Su-30 MKI, MiG-21, MiG-29, Jaguar, Hawk, Dornier और An-32 जैसे लड़ाकू विमानों के पायलट रहे हैं। 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन प्राप्त करने के बाद, उन्होंने 2,000 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव प्राप्त किया है। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन के पद पर पदोन्नत किया गया। इसके अलावा, वे भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए भी अंतरिक्ष यात्री चुने गए हैं।




**चूहा-** सुनती हो, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने अब एफआईआर कर दिया है।

**चुहिया-** हां जी, सीबीआई धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है...!

CMYK